विद्या- भवन, बालिका विद्यापीठ ,लखीसराय

नीतू कुमारी, वर्ग- चतुर्थ, विषय- हिंदी

दिनांक-28-12-2021।     एन.सी.ई.आर.टी पर आधारित

गृहकार्य-

कहानी पूरे मनोयोग से पढ़ें तथा समझने का प्रयास करें।

# 20 क्रांतिकारी महिलाएँ

बच्चो! यह तो तुम भली प्रकार जानते हो कि हम प्रति वर्ष 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस बड़ी धूमधाम से मनाते हैं। 1947 में इसी दिन हमारा देश अंग्रेजी शासन की गुलामी से स्वतंत्र हुआ था। इस स्वतंत्रता को पाने के लिए हमें एक लंबा संघर्ष करना पड़ा था। इसमे ंअनेक महिलाओं ने भी बढ़–चढ़कर भाग लिया था। आपको उनके बारे में जानना जरूरी है। 1857 की क्रांति में झाँसी की रानी लक्ष्मीबाई के अमर बलिदान के बारे में आप जानते ही हैं।

रानी लक्ष्मीबाई

'खूब लड़ी मर्दानी,
वह तो झाँसी वाली रानी थी'

लेकिन आज़ादी की लड़ाई की शुरुआत इससे पहले ही हो चुकी थी। 1828 में कित्तूर की रानी चेन्नम्मा ने अंग्रेज़ी शासन के विरूद्ध संघर्ष का बिगुल बजा दिया था।

सन् 1932 की बात है। मुंबई नगर में अंग्रेजी सरकार के विरूद्ध लोग विद्रोह कर रहे थे। उनकी गिफ्तारियाँ हो रही थीं। थाने के सामने एक काली गाड़ी आकर रुकी। पीली